आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट




बर्ष :13 अंक :398 पृष्ठ -4 दिनांक 10 फरवरी 2025 दिन सोम

## दिल्ली विधानसभा चुनाव में रंग लाई भगवा लहर, योगी का लक्ष्य पूरा

## भाजपा के नए चाणक्य बनकर उभरे योगी आदित्यनाथ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने कई लक्ष्य पूरे कर लिए.. योगी भारत की राजनीति और धर्मनीति के महायोगी बनकर उतरे हैं। आज तक के परिणाम बता रहे हैं कि मिल्कीपुर के मन में, दिल्ली के दिल में, हरियाणा के हृदय में, उत्तराखंड के उर में और महाकुंभ के मानस में वही समाए हैं। आस्था और विकास, सनातन और सियासत के मध्य उनके द्वारा बनाए गए अपराजेय संतुलन से राजनीतिक पंडित भी हतप्रभ हैं।कश्मीर से कन्याकुमारी तक योगी की जन स्वीकार्यता सनातन संस्कृति से जुड़े हुए केंद्रों का उनके द्वारा किया जा रहा कायाकल्प, उत्तर प्रदेश का हो रहा तीव्र बहुआयामी एवं धारणीय विकास और महाकुंभ का सफल और सुलभ संचालन योगी की नीतियों की सफलता की एक नजीर है। महाकुंभ के लिए श्रद्धालुओं को लेकर निर्धारित लक्ष्य 40 करोड़ की जगह 42 करोड़ शनिवार की सुबह पूरा हो गया और शनिवार की शाम को ही अयोध्या की हार का बदला भी मिल्कीपुर उपचुनाव में जीत के बाद पूरा हो गया। इसी तरह दिल्ली में भी योगी के 'बंटोगे तो कटोगे'नारे ने अपना कमाल महाराष्ट्र, हरियाणा और उत्तराखंड की तरह दिखाया। चुनाव में लगातार भाजपा को मिल रही जीत से योगी की अहमियत पूरे देश में बढ़ गई है। अब तो राजनीति के पंडित इन्हें भाजपा का चाणक्य कहने लगे हैं।राजनीतिक जानकारों का यह भी कहना है कि महाकुंभ के प्रभाव से दिल्ली में जो भगवा लहर चली उसने



**राष्ट्रीय राजधानी का नक्शा ही बदल कर रख दिया और पिछले चुनाव में 8 सीटों पर सिमट चुकी भाजपा ने इस बार 48 सीटों का आंकड़ा पार कर रही है।महाराष्ट्र और हरियाणा में प्रचंड जीत हासिल करने वाली भाजपा के हौसले** दिल्ली चुनाव के मतगणना के रुझानों से ही बुलंद थे। याद होगा कि महाराष्ट्र जीत के बाद ही भाजपा नेताओं ने यह कहना शुरू कर दिया था कि, महाराष्ट्र तो झांकी है, दिल्ली जीतना बाकी है। दिल्ली चुनाव से कुछ महीने पहले ही दिल्ली भाजपा ने महाराष्ट्र चुनाव का परिणाम आने के साथ ही दिल्ली में 'परिवर्तन यात्रा'शुरू कर दी थी।योगी की महाकुंभ में डुबकी और केजरीवाल को चुनौती2020 और 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में बड़ा फर्क आया है। 2020 तक अरविंद केजरीवाल की छवि एक ईमानदार नेता की बनी हुई थी, लेकिन जिस तरह अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले के जाल में फंसे हैं, उससे उनकी छवि को बहुत बड़ा धक्का लगा है। इसके अलावा, इस बार यमुना नदी की गंदगी पर भी आप बुरी तरह फंसी हुई थी। खासकर योगी ने जिस तरह से महाकुंभ में डुबकी लगाकर दिल्ली में आकर अरविंद केजरीवाल से यमुना में डुबकी लगाने की चुनौती दी थी, वो लोगों के दिल में उतरी। आम लोग भी यही कहते नजर आए कि केजरीवाल क्यों नहीं यमुना में डुबकी लगाते।द. रअसल, आप और कांग्रेस दोनों को मुस्लिम बहुल इलाके में बड़ा नुकसान हुआ। योगी के बंटोगे तो कटोगे का नारा यहां हिट होता दिखा। कई सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला रहा, जिसमें भा. जपा ने बाजी मार ली। दिल्ली के मुस्लिम बहुल इलाकों में असदउद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम पार्टी भाजपा को तो पीछे धकेल नहीं पाई, मगर उसने इस चुनावी जंग से कांग्रेस और आप को जरूर बाहर कर दिया।

## मिल्कीपुर बेटे की हार पर सांसद अवधेश प्रसाद बोले- 80-85 हजार वोट फर्जी डाले गए, नंगा नाच चल रहा था

उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चंद्रभानु पासवान ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी और समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रत्याशी अजीत प्रसाद को 61,710 मतों के अंतर से हराया. निर्वाचन आयोग के अनुसार, पासवान को 1,46,397 वोट मिले जबकि प्रसाद को 84,687 मत प्राप्त हुए.सपा की हार पर अब फैजाबाद से सांसद अवधेश प्रसाद ने प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि वोट की जो लूट हुई है ये लोकतंत्र की हत्या हुई है. चुनाव आयोग पता नहीं किस डर और दहशत में था. चुनाव आयोग लाचार दिखाई पड़ा. मैंने 50 साल के राजनी. तिक जीवन में इतना मजबूर नहीं देखा. योगी बाबा ने यहां हार कर पुलिस और अधिकारियों को कह दिया था कि हमें अयोध्या में लगी कालिख को छुड़ाना है. अवधेश प्रसाद ने कहा कि एसडीएम खुद वोट दे रहा था. ये नंगा नाच चल रहा था. बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान को रौंदा गया है. योगी बाबा से चुनाव आयोग भी डर गया था. कम से कम 80–85 हजार वोट फर्जी डाले गए. यहां का सीओ इनायत नगर थाने में बैठे थे और योगी बाबा से फोन पर बात कर रहे थे. ये थाने के कुछ सिपाहियों ने हमें बताया है. सीओ साहब को अधिकार मिल रहा था कि सीधा सीएम से बात हो रही थी.वापमंथ और समाजवादियों के गढ़ में 58 साल में तीसरी बार BJP ने फहराया परचम, पढ़ें पूरा चुनावी इतिहास वोटों का डाका डाला– सांसदउन्होंने कहा कि उनको पैसा भी दिया गया था, उनको टार्गेट भी दिया गया था कि हर बूथ पर इतना वोट डालना है, इस बात के लिए उनको पैसे भी मिले थे और धमकी भी मिली थी कि अगर वोट नहीं दिया तो चुनाव के बाद नतीजे देखें. मर्यादा पुरुषोत्तम राम की मर्यादा को भा. जपा ने चकनाचूर किया. आने वाला दिन इन्हें माफ नहीं करेगा. भगवान श्रीराम की लाठी में आवाज नहीं होती है. यहां वोटों का डाका डाला गया है.फैजाबाद के सांसद ने कहा कि जनता आज भी अजीत प्रसाद को ही विधायक मान रही है. सरकार, पुलिस और चुनाव आयोग के विधायक वो हैं. हम संविधान को बचाने का काम करेंगे. बता दें कि पिछले वर्ष लोकसभा चुनाव में अवधेश प्रसाद के फैजाबाद सीट से निर्वाचित होने के बाद मिल्कीपुर विधानसभा सीट रिक्त हुई है, जिस कारण उपचुनाव कराया गया.

## बरेली मांझा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद कई ठिगानों पर छापेमारी, एक गिरफ्तार, आज भी होगी चेकिंग

बरेलीरू बाकरगंज की मांझा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में तीन लोगों की मौत के बाद पुलिस ने शनिवार को कई इलाकों में छापे मारे। एंटी सबोटॉज ने डॉग स्क्वाड और फोरेंसिक टीम के साथ बा. करगंज के करीब 15 घरों में छानबीन की, हालांकि किसी घर में घातक मांझा या विस्फोटक पदार्थ नहीं मिला। घर–घर तलाशी का अभियान रविवार को भी जारी रहेगा।एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर शनिवार दोपहर करीब 12 बजे अतीक रजा खां के घर पहुंची एंटी सबोटॉज टीम ने डॉग स्क्वाड और फोरेंसिक टीम ने पूरे मकान की तलाशी ली। टीम को यहां कुछ केमिकल के साथ ज्वलनशील पत्थर (गंधक) मिला जिसे कब्जे में लेकर जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेज दिया गया। घर में मांझा भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया।टीम ने इसके साथ बाकरगंज के दूसरे मोहल्लों में भी चेकिंग की।हालांकि करीब 15 घरों में तलाशी लेने के बाद भी कहीं कुछ नहीं मिला। पुलिस का अनुमान है कि हादसे के बाद मांझा बनाने वालों ने मांझे के स्टॉक के साथ उसे बनाने में इस्तेमाल होने वालेविस्फोट पदार्थ भी घरों से हटा दिए। पुलिस के मुताबिक रविवार को भी चेकिंग जारी रहेगी पुलिस के मुताबिक किला में भी तमाम घरों में मांझा बनाए जाने की सूचनाएं हैं। थाना प्रभारी राजेश कुमार के मुताबिक घरों की तलाशी के लिए दो टीमें बनाई गई हैं जो रविवार को घरों और फैक्ट्रियों की जांच करेंगी। कारीगरों और मांझा निर्माताओं को चेतावनी भी दी जाएगी कि वे मांझा बनाने के लिए विस्फोटक सामग्री का प्रयोग न करें।बता दें कि बाकरगंज में शुक्रवार सुबह अतीक रजा की मांझा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया था। इस हादसे में अतीक के साथ उनके कारीगर फैजान और सरताज की भी मौत हो गई थी। विस्फोट में मारे गए मांझा फैक्ट्री मालिक अतीक रजा खां, कारीगर फैजान और सरताज के खिलाफ बाकरगंजपुलिस चौकी प्रभारी प्रमोदकुमार ने थाना किला में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार अतीक रजा के घर में अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री कास्टॉक रखा गया था।पुलिस का कहना है कि जांच में पता चला है कि अतीक रजा के घर में मांझे का निर्माण भी अवैध रूप से हो रहा था। उनके पास मांझा बनाने का लाइसेंस नहीं था। मांझा बनाने में विस्फोटक सामग्री का भी प्रयोग गैर कानूनी ढंग से किया जा रहा था। उधर, अतीक, सरताज और फैजान के शवों का शुक्रवार शाम ही पोस्टमार्टम के बाद पुलिस की मौजूदगी में बाकरगंज कब्रिस्तान में तीनों को सुपुर्द–ए–खाक कर दिया गया। अतीक रजा अपने घर में अकेले कमाने वाले थे।शहर में बाकरगंज, किला, स्वालेनगर समेत कई इलाकों में डेढ़ सौ से ज्यादा ठिकानों पर मांझा बनाया जाता है लेकिन हादसे के बाद पूरे शहर में मांझा गायब हो गया। मांझे की दुकानें भी शनिवार को बंद रहीं या वहां से मांझा हटा दिया गया। पुलिस ने शक जताया है कि मांझा कारोबारियों ने छापों के डर से गैरकानूनी ढंग से तैयार कराया गया मांझा कहीं और भिजवा दिया है।एसएसपी ने पूरे जिले में दिए चेकिंग के निर्देश एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि जिले भर में मांझा कारोबारियों और कारीगरों को जागरूक किया जाएगा कि वे लोग मांझा बनाने में ऐसा कोई केमिकल प्रयोग न करें जिससे किसी की जान जोखिम में पड़े। इसके साथ सभी थाना प्रभारियों को अपने थाना क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाने और चेकिंग करने के निर्देश दिए गए

## सोनभद्र में ट्रक से टकराई श्रद्वालुओं की कार, दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौत

सोनभद्र । उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के एक गांव में रविवार सुबह श्रद्धालुओं से भरी एक कार विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक से टकरा गई, जिसके कारण दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गयी जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) कालू सिंह ने बताया कि एक बोलेरो कार में सवार श्रद्धालु प्रयागराज में महाकुंभ से स्नान कर छत्तीसगढ़ के रायपुर लौट रहे थे। श्रद्धालुओं की कार जब सोनभद्र के बभनी थाना क्षेत्र के दरनखाड़ गांव पहुंची तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रेलर ट्रक से उसकी टक्कर हो गयी। एएसपी ने बताया कि इस दुर्घटना में लक्ष्मी बाई (30) , अनिल प्रधान (37) ठाकुर राम यादव (58) और रुक्मिणी यादव (56) की मौत हो गई जबकि दिल. ीपा देवी, योगी लाल, सुलेन्द्री देवी एवं ढाई वर्षीय हर्षित गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को पहले बभनी सामुदायिक चिकित्सालय भेजा गया जहां से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। एएसपी ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है और मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है

## शादी टूटने से नाराज सनकी युवक ने किया लड़की और उसकी मां पर चाकू से हमला, लोगों ने की जमकर पिटाई

कप्तानगंज थाना क्षेत्र के अलऊवा गांव में शनिवार की सुबह एक युवक ने एक लड़की और उसकी मां पर चाकू से हमला कर दिया. इस घटना में मां और बेटी बुरी तरह से घायल हो गई. घटना के बाद मौके पर जुटे लोगों ने युवक को पकड़कर जमकर पिटाई कर दी और पुलिस को सौंप दिया. पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है.कप्तानगंज थाना क्षेत्र के अलऊवा गांव निवासी रामपत लुधियाना में परिवार के साथ रहकर चाय की दुकान चलाकर भरण पोषण करता था. वहीं उनकी छोटी बेटी सरिता भी वहां रहकर पढ़ाई करती थी. पढ़ाई के दौरान ही सरिता का राजस्थान के गंगानगर निवासी राबिन से प्रेम प्रपंच हो गया. परिवार की सहमति से लगभग दो साल पूर्व दोनों की सगाई हो गई. सगाई के बाद किसी बात से नाराज होकर सरिता ने शादी से इनकार कर दिया. इसके बाद रामपत का पूरा परिवार अपने गांव अलऊवा आ गए. यह बात राबिन को नागवार गुजरी. युवक के हमले में घायल हुई महिलापहले उसने लुधियाना में रहने वाली सरिता की बहन को पीटा इसके बाद वह सीधे कप्तानगंज आ गया. सरिता के मामा ने बताया कि वह तीन दिन से बाजार में घूम रहा था. इस बात की जानकारी सरिता को थी. लेकिन परिवार के अन्य लोग इस बात को नहीं जान रहे थे कि राबिन आजमगढ़ पहुंच गया है. शनिवार की सुबह वह अचानक घर में घुसा और चाकू से सरिता पर हमला कर दिया. उसे बचाने आई उसकी मां को भी उसने चाकू मारकर घायल कर दिया. इसके बाद लोगों ने उसे पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी और पुलिस के हवाले कर दिया. इसके बाद पुलिस ने दोनों मां बेटी को अस्पताल में भर्ती कराया. जब इस बात की सूचना पुलिस को मिली कि किसी व्यक्ति ने महिलाओं को चाकू मारकर घायल कर दिया है तो पुलिस फौरन हरकत में आ गई सीओ के साथ पुलिस बल मौके पर पहुंची.इस मामले पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि आज सुबह कप्तानगंज थाने पर सूचना मिली कि किसी युवक द्वारा दो महिलाओं के ऊपर चाकू से हमला किया गया है. इस बात की जानकारी होने पर तत्काल कप्तानगंज थाने की पुलिस के साथ सीओ बुढ़नपुर घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की गई तो जांच में यह बात सामने आई की दोनों एक दूसरे को पहले से जानते थे. तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी मई 2024 में ही दोनों की सगाई भी हुई थी. लड़की आगे पढ़ना चाहती थी. अभी वह दो से तीन साल तक शादी नहीं करना चाहती थी. इस बात को लेकर दोनों के बीच तकरार हुई और युवक ने चाकू से हमला कर दिया. इसमें लड़की और उसकी मां को चाकू से चोटें लगी हैं. लड़के को भी चोटें हैं. इसलिए तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जो भी तहरीर मिलेगी उसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी.

## सपा विधायक की ननद के घर चोरी, 1 किलो सोना और ढाई लाख रूपये लूट कर फरार, जांच में जुटी पुलिस

कानपुर में समाजवादी पार्टी की महिला विधायक नसीम सोनकी की ननद के घर को चोरों ने निशाना बना लिया. देर रात चोरी की वारदात को अंजाम देकर उनके घर से 1 किलो सोने के जेवर और ढाई लाख रुपये नकद पार कर दिए. घर में सीसीटीवी भी मौजूद था लेकिन चोर शातिर थे और घर में घुसते ही सबसे पहले उन्होंने सबूत मिटाने के लिए सीसीटीवी के तार को ही डीवीआर से अलग कर दिया और घर में सन्नाटा पाकर हाथ साफ कर फरार हो गए. घर की छत से घर में दाखिल हुए तीन शातिर चोर सीसीटीवी में घुसते हुए तो दिखे लेकिन चोरी की वारदात कैमरे में कैद नहीं हो सकी.इतनी बड़ी घटना कानपुर की पुलिस की मुस्तैदी और कानून व्यवस्था का कई सवाल खड़े कर रही है. कानपुर की जाजमऊ पुलिस घटना के बाद तफ्तीश में जुट गई है और घटना के खुलासे का दवा भी कर रही है कि जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.कानपुर से सपा के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी पहले ही सुर्खियों में रहे हैं लेकिन अब उनकी जगह उनकी पत्नी कानपुर की सीसामऊ सीट से सपा की विधायक हैं. ऐसे में उनके रिश्तेदार के घर से लाखों की चोरी बड़ी मुसीबत साबित हो रही है. चमड़ा कारोबारी हैं सपा विधायक के रिश्तेदार सपा विधायक नसीम के रिश्तेदार चमड़ा कारोबारी हैं. मकान में अपने परिवार के साथ रहते थे ग्राउंड फ्लोर पर रहने हैं और टॉप फ्लोर पर बेटी रहती थी लेकिन बेटी घर नहीं थी जिसके चलते घर का टॉप फ्लोर खाली था. बेटी के फ्लोर पर ही लाखों की ज्वेलरी ओर नकदी रखी थी और पूरा परिवार ग्राउंड फ्लोर पर सो रहा था.घर से एक किलो सोने के जेवर और ढाई लाख रुपये की चोरी डिफेंस कालोनी के रहने वाले जावेद ने बताया कि उनके घर से तकरीबन एक किलो सोने के जेवर और ढाई लाख रुपये की चोरी हुई है. चोर सारा माल लेकर फरार हो गए, देर रात की घटना पर पूरा परिवार अनजान था. सुबह जब उठकर घर देखा तो घर का सारा सामान अस्त व्यस्त था. जिसके बाद क्षेत्रीय पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पुलिस डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक की टीम पहुंची और जांच में जुट गई.फिलहाल पीड़ित ने बताया कि बेटी जिस पोर्शन पर रहती थी उसी पोर्शन पर चोरी हुई है. बेटी का एक फ्लैट एमराल्ड गार्डन में भी है ज्यादातर वो वहीं रहती थी. घर में सारा सोने का समान यहीं रखा करती थी और मेरा भी सोने का समान यही रहता था. लेकिन इस बात का अंदाजा नहीं था कि घर में कभी ऐसा भी होगा.चोरों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा– अपर पुलिस आयुक्त मनोज कुमार पांडे वहीं इस पूरे मामले में अपर पुलिस आयुक्त मनोज कुमार पांडे द्वारा इस मामले में जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने की बात की गई है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि चोरी की घटना ओर चोरों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा. पुलिस सीसीटीवी में कैद हुए कुछ वीडियों के आधार पर जांच कर रही है.

# इंद्रमणि प्लाईवुड एंड हार्डवेयर का हुआ भव्य उद्घाटन

## इंद्रमणि प्लाईवुड एंड हार्डवेयर प्रतिष्ठान संजय कुमार जैन व इं. यश मणि जैन द्वारा स्थापित किया गया

अलीगढ़। 9 फरवरी दिन रविवार को सुबह 11 बजे इंद्रमणि प्लाईवुड एंड हाड.ˈवेयर का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इंद्रमणि प्लाईवुड एंड हाड.ˈवेयर प्रतिष्ठान संजय कुमार जैन व इं. यश मणि जैन द्वारा स्थापित किया गया है, जिसमें सभी तरह की प्लाई, दरवाजे, बोर्ड, एवं हार्डवेयर का सभी सामान उपलब्ध है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक जगवीर किशोर जैन, उद्घाटनकर्ता के रूप में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष सतीश माहेश्वरी, व विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ पंकज धीरज, राजीव जैन, राज सक्सेना, कृष्ण गुप्ता, घनश्याम जैन, पावनी इंटरप्राइसेज से जगमोहन शर्मा, एड. योगेश शर्मा आदि मौजूद रहे। पूर्व विधायक जगवीर किशोर जैन ने इं यश मणि जैन को आशीर्वाद देते हुए, पद्मश्री रविन्द्र जैन के पिताजी वैद्य पं इंद्रमणि जैन को याद किया, और प्रतिष्ठान ऊंचाइयां छुए, ऐसा आशीष दिया। इंद्रमणि प्लाईवुड एवं हार्डवेयर के संस्थापक संजय कुमार जैन और इं यश मणि जैन ने अपने प्रतिष्ठान के बारे में बताते हुए कहा कि, हम अपने प्रोडक्ट को चुन कर लाएं हैं व ग्राहकों को सही दाम में अच्छा सामान देना हमारा उद्देश्य है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष, सतीश माहेश्वरी ने प्रतिष्ठान की प्रशंसा करते हुए सबको बताया कि, सबसे आवश्यक होता है, आप ग्राहकों को क्या दे रहें, और उसमें इंद्रमणि प्लाईवुड एंड हार्डवेयर अपने आप में ही एक भरोसेमंद ब्रांड है। इंद्रमणि प्लाईवुड एंड हार्डवेयर परिवार से युवराज मणि जैन, डॉ विशाल जैन, जिनविजय जैन, आराध्य मणि जैन, मीनू जैन, काजल धीरज, तुलसी गुप्ता, अनुष्का जैन, युक्ति, केतन, अनुज, मयंक, देवांश मौजूद रहे। इंद्रमणि प्लाईवुड एंड हार्डवेयर नेहरू जी मार्केट,इंडियन पेट्रोल पंप के सामने व ओमेक्स हॉस्पिटल के बराबर, आगरा रोड पर स्थित है। समारोह का शुभारंभ जगवीर किशोर जैन के द्वारा फीता काटने एवं प्रतिष्ठान का शुभारंभ फीता काटने के साथ नारियल फोड़कर किया गया, सभी मुख्य अतिथियों ने आयोजन कर्ता इं. यश मणि जैन को ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए, आशीर्वाद दिया तथा प्रतिष्ठान की सफलता की कामना की।



## प्रेमानंद महाराज को स्नान कराने के लिए महाकुंभ से त्रिवेणी का जल ला रहे दो मित्र

वृंदावन के प्रेमानंद महाराज को स्नान कराने के लिए टप्पल ब्लॉक के दो मित्र महाकुंभ से जल लेकर पैदल आएंगे। दो कलशों में त्रिवेणी का जल लेकर आ रहे दोनों युवक करीब 21 दिन में 620 किमी की पैदल यात्रा कर वृंदावन पहुंचेंगे।जानकारी के मुताबिक टप्पल ब्लॉक के गांव हजियापुर निवासी रोहित मालान (25) पुत्र जितेंद्र सिंह उर्फ पप्पू प्रधान व गौरव मालान (26) पुत्र लक्ष्मण सिंह हजियापुर (प्रसिद्ध रागिनी गायक) ने 1 फरवरी को प्रयागराज महाकुंभ से प्रेमानंद महाराज के नाम से दो कलश जल भरा है।फोन पर हुई बातचीत में रोहित ने बताया कि प्रेमानंद महाराज ने सोशल मीडिया में एक रील में महाकुंभ जाने की असमर्थता जताते हुए वृंदावन में ही रहने की बात कही थी, जिसे देख मन में संकल्प लिया कि महाराज वृंदावन छोड़कर नहीं जा सकते तो वे उनके लिए पैदल जल लेकर आएंगे।इस संकल्प पर मित्र गौरव मालान और परिजनों का साथ मिला तो वे हजियापुर से निकल पड़े। यात्रा को सकुशल 8 दिन बीत चुके हैं। पूरी पैदल यात्रा करीब 620 किलोमीटर की है, जो 21 दिन में पूरी होगी। वे इस जल से प्रेमानंद महाराज को वृंदावन स्थित उनके आश्रम जाकर स्नान कराना चाहते हैं। इसके बाद गोपेश्वर मंदिर और फिर अपने गांव हजियापुर के श्रीराम मंदिर में शेष जल चढ़ाएंगे। यात्रा के दौरान दोनों मित्रों ने प्रेमानंद के पैतृक गांव आखिरी, तहसील नरवल, जिला कानपुर में भ्रमण किया और महाराज के परिजनों से मुलाकात की।

## श्रोताओं ने जमकर किया भजनों पर नृत्य



अखिल भारतीय करणी सेना महिला शक्ति द्बारा प्रदेश अध्यक्ष महिला शक्ति ममता सिंह के नेतृत्व में आगरा रोड स्थित नई दुनिया अपार्टमेंट में सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन किया।कार्यक्रम संयोजक लता वार्ष्णेय ने बहुत ही शानदार आयोजन किया। कार्यक्रम सह संयोजक प्रदेश मंत्री सुगंधि वार्ष्णेय रहीं। पूनम सिंह ने पाठ को बड़े ही सुंदर रूप से प्रस्तुत किया। भजनों से ऐसा समां बंधा कि श्रोता भ. जनों पर जमकर झूमे। प्रदेश अध्यक्ष महिला शक्ति ममता सिंह ने कहा कि सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन घरों में होने से बच्चे भी सहभागिता निभाते हैं और अपनी सनातन संस्कृ ति में रुचि लेते हैं। प्रसाद वितरण प्रीति गुप्ता ने किया। अमिता वार्ष्णेय ने सभी बहनों का आभार व्यक्त किया। पूनम वर्मा, सीमा, सुमन सिंह, वीना रानी, कंचन वार्ष्णेय, मोनिका, मधुर, शैलजा, परी,रिद्धिमा, रिद्धि, सिद्धि, प्रिया, रवि वार्ष्णेय, दीपक वार्ष्णेय एवं मोहित वार्ष्णेय उपस्थित रहे।

## अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में बीफ बिरयानी के नोटिस पर मचा बवाल, हंगामे के बाद अब प्रशासन ने दी सफाई

देश के सबसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में एक अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (।डन्) में नोटिस को लेकर हंगामा खड़ा हो गया. इसकी वजह यह है कि नोटिस में बीफ बिरयानी शब्द का इस्तेमाल किया गया, जिसे देखकर हिंदू छात्र भड़क गए और उन्होंने जमकर बवाल किया.इसकी शिकायत जब अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों को मिली, तो उन्होंने मामले पर लीपापोती शुरू कर दी. प्रॉक्टर वसीम अली का कहना है कि एएमयू के सुलेमान हाल के मेन्यू में बदलाव से संबंधित एक सूचना जारी की गई थी, यह एक प्रकार की टाइपिंग गलती थी. मेन्यू में कोई बदलाव नहीं किया गया है, खाना पहले की तरह ही परोसा जाएगा. नोटिस पर भड़के हिंदूवादी छात्रइससे पहले जब यह खबर हिंदूवादी छात्रों तक पहुंची तो वह भड़क गए और उन्होंने एएमयू प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाना शुरू कर दिया. हिंदूवादी छात्रों का कहना है कि इस मेन्यू के जरिये उनकी भावनाओं को आहत करने का काम किया गया है, जिसकी वजह से उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. छात्रों की नाराजगी देखकर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय भी हरकत में आ गया. एएमयू प्रशासन की शिकायत के बाद पुलिस ने दो सीनियर फूड के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है. यूनिवर्सिटी प्रशासन ने स्पष्ट किया कि टाइपिंग की गलती से ऐसा हुआ है. ला. परवाही बरतने के मामले में सीनियर फूड और सीनियर हाल को हटा दिया गया है. मामले में आगे जांच कराई जा रही है.वायरल नोटिस में क्या है?एएमयू के सुलेमान हाल की डाइनिंग हाल में देर रात सीनियर फूड और सीनियर हाल की ओर एक नोटिस जारी किया गया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. जिसमें लिखा गया है, ष्आपकी मांग पर रविवार दोपहर के भोजन के मेन्यू में बदलाव किया गया है. अब चिकन बिरयानी की जगह बीफ बिरयानी परोसा जाएगा. यह बदलाव काफी अनुरोधों के बाद किया गया है. हमें उम्मीद है कि आप हमारे मेन्यू में इस नए बदलाव का आनंद लेंगे.ष्नियर फूड पर थ्ष्ट दर्जमेन्यू के वायरल होते ही बवाल शुरू हो गया. इसके बाद प्रशासन ने भावनाओं को आहत करने मामले में सीनियर फूड डाइनिंग मोहम्मद फैयजुल्लाह और मुजस्सिम अहमद भाटी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है. दोनों ही सीनियर फूड छात्र हैं. देर रात इसको लेकर प्रोवोस्ट डॉ फसीह रागिब गौहर की ओर से स्पष्टीकरण का नोटिस जारी किया गया है. उन्होंने भी इसे टाइ. पिंग गलती बताया है.



## अलीगढ़ के स्टील फैक्ट्री के कैशियर से 12 लाख रुपए की लूट में शामिल 50 हजार के इनामी बदमाश को पुलिस ने दबोच

अलीगढ़ के स्टील फैक्ट्री के कैशियर से 12 लाख रुपए की लूट में शामिल 50 हजार के इनामी बदमाश को पुलिस ने दबोच लिया है। बदमाश से लूट के 99,500 रुपये भी बरामद हुए हैं। बीती 10 जनवरी को हुई लूट में तीन आरोपियों को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है।सीओ भंवरे दीक्षा अरुण ने बताया कि स्वाट, सर्विलांस और इगलास पुलिस की टीम ने करवन नदी पुल, मथुरा रोड से गांव नगला जार निवासी प्रेम सिंह उर्फ पीके पुत्र भूरी सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया है।रवि पुत्र विजय सिंह निवासी मई थाना इगलास, सौरभउर्फ शुभम खटीक पुत्र चोब सिंह निवासी गांव दुलारा थाना फतेहपुर सीकरी (आगरा) हाल पता महाराजा प्रॉपर्टी अनिरुद्ध नगर मथुरा गेट भरतपुर (राजस्थान), अमित झा पुत्र बंटू निवासी प्रकाश नगर थाना शाहगंज (आगरा) को जेल भेजा जा चुका है।द. रअसल शीशियापाड़ा निवासी सुरेंद्र जिंदल की क्षेत्र के गांव भौंरा गौरवा के पास हरि लक्ष्मी एलॉय प्राइवेट लिमिटेड नाम से स्टील फैक्ट्री है। 10 जनवरी की सुबह साढ़े नौ बजे फैक्ट्री का कैशियर सुशील पाठक रुपए लेकर निकले थे। दूसरा कर्मी भोला बाइक चला रहा था।500 मीटर दूर जाते ही सामने से आए बूलट सवार दो बदमाशों ने उनको रोक लिया और रुपयों से भरा बैग छीनकर भाग गए।

## मंदिर की कुटिया में फंदे से . लटका मिला महंत का शव

अकराबाद ब्लॉक के गांव जसरथपुर में शनिवार दोपहर एक मंदिर के महंत का शव पीछे बनी कुटिया में फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना पर पुलिस ने ग्रामीणों से जानकारी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया है कि महंत हरिगिरी (75) पुत्र रामगिरी करीब 15 साल पहले कहीं से आकर गांव स्थित चामड़ माता मंदिर में सेवादारी करे लगे थे।मंदिर के पीछे बनी कुटिया में ही रहा करते थे। शनिवार दोपहर आस पड़ोस के कुछ बच्चे खेलते हुए मंदिर की ओर पहुंच गए। तभी बच्चों ने देखा कि महंत हरिगिरी का शव कुटिया के बरामदे में रस्सी के फंदे पर लटका हुआ था। जिसे देखकर बच्चे चीखने लगे। चीख–पुकार की आवाजें सुनकर आसपास के तमाम लोग वहां एकत्रित हो गए।घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस के साथ फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। थाना पुलिस ने बताया है कि शव को फंदे से उतारकर जांच–पड़ताल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट का इंतजार है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## शादी समारोह में बच्चों की कहासुनी के बाद मारपीट, महिला घायल

ऊपरकोट नगर कोतवाली क्षेत्र के शाहपुरकुटुब चौधरी गेस्ट हाउस में आयोजित एक शादी समारोह में बच्चों के बीच हुई कहासुनी ने बड़ा रूप ले लिया। मामला इतना बढ़ गया कि बचाव करने पहुंची एक महिला के साथ मारपीट की गई और उस पर कुर्सी फेंककर हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने घायल महिला को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच–पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज की जांच कर दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

**ऊपरकोट नगर कोतवाली क्षेत्र के हड्डी गोदाम चौराहे पर शुक्रवार को आक्रोशित** परिजनों और स्थानीय लोगों ने एक व्यक्ति का शव रखकर सड़क जाम कर दिया। मामला 11 दिन पहले हुई मारपीट से जुड़ा है, जिसमें घायल व्यक्ति ने न्याय की आस में दम तोड़ दिया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने घायल की शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया और घटना के 11वें दिन उसकी मौत के बाद ही एफआईआर दर्ज की गई। इससे नाराज लोगों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए सड़क पर प्रदर्शन किया। सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और लोगों को समझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद पुलिस के आश्वासन पर जाम खुलवाया गया। प्रशासन की निगरानी में मृतक का अंतिम संस्कार कराया गया। पुलिस का कहना है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है।



# हाथरस में पुलिस लाइन स्थित जिला प्रशिक्षण इकाई में पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा की अध्यक्षता में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया

पुलिस अधीक्षक ने जिला प्रशिक्षण इकाई में श्सैनिक सम्मेलनश का आयोजन कर पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुन निस्तारण के दिए निर्देश हाथरस पुलिस अधीक्षक चि. रंजीव नाथ सिन्हा द्वारा पुलिस लाईन स्थित जिला प्रशिक्षण इकाई में सैनिक सम्मेलन का आयोजन कर पुलिसकर्मियों की व्यक्तिगतध्विभागीय समस्याओ को सुना गया । इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर योगेन्द्र कृष्ण नारायन, क्षेत्राधिकारी सादाबाद हिमांशु माथुर, क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राराऊ श्यामवीर सिंह, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन राज. कुमार सिंह एवं जनपद की समस्त थाना प्रभारीध्शाखाओंध्थानों से आये अधिकारीध्कर्मचारीगण उपस्थित रहे । सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक द्वारा विगत सैनिक सम्मेलन में पुलिसकर्मियों द्वारा बतायी गयी समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में प्रतिसार निरीक्षक से जानकारी की गई । तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक




द्वारा सैनिक सम्मेलन में मौजूद पुलिस कर्मियो से सीधा संवाद स्थापित कर एक–एक करके प्रत्येक पुलिसकर्मी की व्यक्तिगतध्विभागीय समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कर अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया । इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक उपस्थित पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहने हेतु प्रतिदिन योग करने व मेडिटेशन करने हेतु बताया गया । पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित पुलिस कर्मियों को पुलिस की कार्य प्रणाली, रहन–सहन, जनता के प्रति पुलिस के व्यवहार, कानून एवं शान्ति बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये । पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी पुलिसकर्मियों को सोशल मीडिया का सावधानी पूर्वक इस्तेमाल करने हेतु हिदायत दी तथा बताया कि पुलिस बल एक अनुशासित बल है अतः कोई भी ऐसा कार्य ना करें जिससे पुलिस विभाग की छवि धूमिल हो तथा सभी पुलिसकर्मियों को पूर्ण ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों को निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया । साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि पुलिसकर्मियों की समस्याओं को थाना स्तर पर ही सुनकर उनका निस्तारण समय से कराये ।

## पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने पुलिस लाइन स्थित जिला प्रशिक्षण इकाई में एक विशेष अपराध गोष्ठी का आयोजन किया

हाथरस में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस विभाग ने एक कदम उठाया है। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने पुलिस लाइन स्थित जिला प्रशिक्षण इकाई में एक विशेष अपराध गोष्ठी का आयोजन किया। इस बैठक में जनपद के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में एसपी ने अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। सबसे अहम कदम के रूप में सभी राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों को ई–साक्ष्य एप के लिए टैबलेट वितरित किए गए। यह एप आपराधिक घटनाओं के साक्ष्यों को डिजिटल तरीके से रिकॉर्ड और संरक्षित करने में मदद करेगा, जिससे अपराधियों को सजा दिलाने में आसानी होगी। एसपी ने थाना प्रभारियों को हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की नियमित जांच करने और नए अपराधियों की हिस्ट्रीशीट तैयार करने के निर्देश दिए। बीट पुलिस अधिकारियों को अपने क्षेत्र में




नियमित गश्त और घटनाओं की सूचना दर्ज करने को कहा गया। विशेष रूप से लंबित विवेचनाओं के त्वरित निपटारे पर जोर दिया गया।गिरफ्तारी के लिए चलाएं विशेष अभियान...बैठक में महिला संबंधी अपराध, पोक्सो एक्ट, एससी–एसटी एक्ट, गैंगस्टर एक्ट जैसे विशेष मामलों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। साथ ही, वांछित अपराधियों, फरार और पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने के आदेश दिए गए। इस गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार सहित सभी क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

## युवक को पकड़ने आई मुजफ्फरनगर पुलिस से हुई धक्का–मुक्की, ग्रामीणों ने किया विरोध

हाथरस। मुजफ्फरनगर पुलिस गांव टिमरली निवासी मोहित को ठगी के मामले में पकड़ने के लिए पहुंची थी। मोहित के परिजनों का आरोप है कि कुछ सादा कपड़े पहने लोग और कुछ पुलिसकर्मी उनके घर की छत से आंगन में कूद गए और कुछ पुलिसकर्मी घर के दरवाजे से जबरन भीतर घुस गए। मुरसान क्षेत्र के गांव टिमरली में एक युवक ठगी के मामले में पकड़ने आई मुजफ्फरनगर पुलिस के साथ ग्रामीणों की धक्का–मुक्की हो गई, जिससे गांव में अच्छा–खासा हंगामा



खड़ा हो गया। मौके पर पहुंची मुरसान पुलिस ने लोगों को समझा–बुझाकर शांत किया, जिसके बाद मुजफ्फरनगर पुलिस युवक को अपने साथ ले जा सकी। मुजफ्फरनगर पुलिस रात करीब साढ़े नौ बजे गांव टिमरली निवासी मोहित को ठगी के मामले में पकड़ने के लिए पहुंची थी। मोहित के परिजनों का आरोप है कि कुछ सादा कपड़े पहने लोग और कुछ पुलिसकर्मी उनके घर की छत से आंगन में कूद गए और कुछ पुलिसकर्मी घर के दरवाजे से जबरन भीतर घुस गए। आरोप है कि पुलिस परिवार के लोगों से अभद्र व्यवहार करते हुए मोहित को खींचकर ले जाने लगी। जब परिजनों ने पुलिस से मोहित को पकड़ने की वजह पूछी तो पुलिस ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इस दौरान परिवार के लोगों से पुलिस की नोकझोंक होने लगी। हंगामा होते देख बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए और पुलिस के व्यवहार का विरोध करने लगे। इस दौरान लोगों की पुलिस से धक्का मुक्की हो गई। मौके पर मुरसान पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा–बुझाकर शांत किया। इसके बाद ग्रामीण मुरसान कोतवाली पहुंच गए। वहां उन्हें मुजफ्फरनगर पुलिस ने बताया कि ठगी के एक मामले में पूछताछ के लिए मोहित को मुजफ्फरनगर ले जाया जा रहा है। सीओ सादाबाद हिमांशु माथुर का कहना है कि धोखाधड़ी के मामले में मुजफ्फरनगर पुलिस युवक को लेने आई थी। वहां धक्का–मुक्की जैसी कोई घटना नहीं हुई है।

## सादाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव आरती में असामाजिक तत्वों ने भारत . रत्न बाबा साहब डॉक्टर बीआर अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त

उत्तर प्रदेश के हाथरस में सादाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव आरती में असामाजिक तत्वों ने भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर बीआर अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। प्रतिमा को खंडित अवस्था में देखते ही स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया।घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में अंबेडकर के अनुयायी और भीम आर्मी के पदाधिकारी मौके पर पहुंच गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम सादाबाद संजय कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने दो प्रमुख मांगें रखीं। पहली, नई प्रतिमा की स्थापना और दूसरी, दोषी असामाजिक तत्वों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई।घटना को लेकर दी तहरीरप्रशासन ने स्थिति की नजाकत को समझाते हुए नई प्रतिमा लगाने का आश्वासन दिया। इस आश्वासन के बाद वहां जमा हुए लोगों का गुस्सा शांत हुआ। प्रशासन ने मामले में तहरीर ली है। जांच शुरू कर दी है। घटना को देखते हुए क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

## सादाबाद में आगामी महाशिवरात्रि, शब-ए-बारात और होली त्योहारों को लेकर प्रशासन ने कमान संभाल ली

हाथरस। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि, शब–ए–बारात व होली के दृष्टिगत उपजिलाधिकारी सादाबाद संजय कुमार व क्षेत्राधिकारी सादाबाद हिमांशु माथुर द्वारा थाना सादाबाद पर ग्राम प्रधानों, गणमान्यध्संभ्रांत व्यक्तियों एवं व्यापारियों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया । मीटिंग के दौरान उपस्थित लोगों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि व होली ,शब–ए–बारात को सकुशलध्शान्ति पूर्वक मनाने एवं त्यौहार के दौरान शान्ति व्यवस्था बनाये रखने में पुलिसध्प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई । मीटिंग में उपस्थित लोगों को बताया गया कि कोई भी जुलूस विना अनुमति के ना निकाले जाये, होली रखने वाले स्थान निर्विवाद हो जहाँ पूर्व मे होली रखी जाती थी वही पर रखी जाए । साथ ही बताया गया कि होली व शब–ए–बारात त्यौहार के दौरान जूलूस आदि की सूचना प्रशासन एवं पुलिस को अवश्य दें, जिससे समुचित पुलिस प्रबन्ध किया जा सके और शांतिपूर्ण त्यौहार



सम्पन्न कराये जा सके । तथा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कोई संदिग्ध गति. विधि होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें । दौरान उपस्थित लोगों को अपने–अपने क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण व बिक्री पर रोक लगाने हेतु अवगत कराया गया कि यदि कोई व्यक्ति आपके क्षेत्र में अवैध शराब का निर्माण कर रहा हो अथवा बिक्री कर रहा हो तो इसके संबंध में तत्काल पुलिस को सूचना दें, जिससे उक्त व्यक्ति के विरूद्ध कडी कानूनी कार्यवाही की जा सकें । साथ ही बताया गया कि त्यौहारों के दौरान अवैध शराब का सेवन बिल्कुल ना करें यह स्वास्थ्य के लिये हानिकारक हो सकती है । मीटिंग में उपस्थित लोगों को आपसी भाईचारा व सौहार्दपूर्ण तरीके से त्यौहारों को मनाने तथा सोशल मीडिया के दुरूपयोग एवं अफवाहों व झूठी खबरों पर ध्यान न देने तथा अफवाहों को फैलने से रोकने आदि के सम्बन्ध में आमजनमानस को भी जागरूक करने व स्वयं भी पालन करने हेतु सभी को सचेतध्जागरूक किया गया तथा सोशल मीडिया का प्रयोग बहुत सोच समझकर करने हेतु बताया गया ।

## रविवार को विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित

हाथरस मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 197 मरीजों का निशुल्क इलाज किया गया। पीएचसी टिकारी में डॉ. अनंत ने 66 मरीजों का उपचार किया, जिनमें अधिकतर खांसी–सर्दी और 10 बुखार के मरीज थे। उन्होंने बताया कि अस्पताल में पर्याप्त दवाएं उपलब्ध हैं।पीएचसी कौमरी में डॉ. आनंद माहौर ने 72 मरीजों की जांच की। पिछले कुछ दिनों से 15 मरीजों की खांसी की शिकायत पर बलगम और रक्त की जांच करवाकर दवाएं दी गईं। यहां 11 मरीज बुखार से पीड़ित पाए गए।स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. दलबीर सिंह रावत ने निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मरीजों को न तो बाहर से दवा लिखी जाए और न ही जांच। गंभीर मामलों में मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर करने के निर्देश दिए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलेमपुर में डॉ. नीलम ने 59 मरीजों की जांच कर दवाएं वितरित कीं। मेले का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक मरीजों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाना है।

## नगर पालिका–बीएसए दफ्तर पहुंची एंटी . करप्शन की टीम, खलबली

नगर पालिका और बीएसए कार्यालय में शुक्रवार को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम के पहुंचने की सूचना से कर्मचारियों में खलबली मच गई। दोनों कार्यालयों के कर्मचारी वहां से चले गए। कार्यालयों में सन्नाटा पसर गया।पिछले दिनों नगर पालिका के सफाई निरीक्षक को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था। तभी से जिले के विभिन्न कार्यालयों के दागी कर्मचारियों में खलबली मची हुई है। शुक्रवार को जांच के लिए एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम नगर पालिका कार्यालय पहुंची।यहां टीम ने पूछताछ की और पत्रावलियां खंगाली। इससे कार्यालय में खलबली मच गई। इधर, बीएसए कार्यालय में भी शुक्रवार को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम के पहुंचने की चर्चा रही। यहां भी कर्मचारियों में खलबली मची रही। कई कर्मचारी अपनी कुर्सी छोड़कर इधर–उधर हो गए। इससे कार्यालय में सन्नाटा पसर गया।

## हाथरस के गांव टुकसान के रहने वाले एक पिता ने अपने . दिव्यांग बेटे की सेहत के लिए अनूठी यात्रा

हाथरस के गांव टुकसान के रहने वाले एक पिता ने अपने दिव्यांग बेटे की सेहत के लिए अनूठी यात्रा की है। सचिन नाम के इस व्यक्ति ने 600 किलोमीटर से अधिक की दूरी पैदल तय की। उन्होंने पहले प्रयागराज में कुंभ स्नान किया और फिर अयोध्या में रामलला के दर्शन किए। सचिन के 18 महीने के बेटे दिवांक को कमर और गर्दन की समस्या है। कई अस्पतालों में इलाज और मंदिरों में पूजा–अर्चना के बाद बच्चे की सेहत में थोड़ा सुधार हुआ।एक रात सचिन को सपना आया कि अगर वह महाकुंभ और अयोध्या की यात्रा करेंगे तो उनका बेटा ठीक हो जाएगा। 24 जनवरी को दो श्जय श्रीरामश के झंडे लेकर सचिन ने अपनी यात्रा शुरू की। वह रोजाना सुबह 8 बजे से चलना शुरू करते और 40–45 किलोमीटर की दूरी तय करते। रात में ढाबों पर रुककर भोजन करते और विश्राम करते।14 दिन की कठिन यात्रा के बाद उन्होंने प्रयागराज में गंगा स्नान किया और फिर अयोध्या में रामलला सहित अन्य मंदिरों के दर्शन किए। आगे भी जारी रहेगा सिलसिला अब सचिन अपने घर वापस लौट आए हैं और उनकी योजना जल्द ही अन्य तीर्थ स्थानों की पैदल यात्रा करने की है। उनकी यह श्रद्धा और संकल्प एक पिता के प्रेम और विश्वास को दर्शाता है।

## हाथरस के नयागंज स्थित आंधीवाल पैलेस में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का एक महत्वपूर्ण सम्मेलन आयोजित किया गया

हाथरस के नयागंज स्थित आंधीवाल पैलेस में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का एक महत्वपूर्ण सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में हाथरस के साथ–साथ आसपास के जिलों से भी प्रमुख व्यापारी और उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी शामिल हुए। सम्मेलन में अलीगढ़ के जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, चेयरमैन मानव महाजन और महानगर अध्यक्ष दीपक वार्ष्णेय सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने व्यापारियों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की।कार्यक्रम में सभी आमंत्रित व्यापारियों को प्रतीक चिन्ह देकर विशेष सम्मानित किया गया। साथ ही, प्रदेश स्तर पर विभिन्न पदों पर मनोनीत किए गए व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।ये लोग रहे मुख्य रूप से मौजूद व्यापारी नेता अनिल वार्ष्णेय के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर अध्यक्ष तरुण पंकज, लोकेश अग्रवाल, सुरेंद्र बांटिया, निर्देश चन्द्र वार्ष्णेय, कमलकांत दोबरा बाल, सुरेश अग्रवाल समेत कई प्रमुख व्यापारियों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के समापन पर जिलाध्यक्ष और उद्योग व्यापार मंडल के कार्यक्रम अध्यक्ष विष्णु गौतम ने सभी व्यापारियों को कार्यक्रम की सफलता के लिए धन्यवाद दिया।

# इंतजार करते रह गए अफसर..नहीं पहुंचे फरियादी

थाना समाधान दिवस के नाम पर जिले में बस रस्म अदायगी की जा रही है। यही वजह है कि इस दिवस से लोगों का मोह भंग हो रहा है और इक्का–दुक्का फरियादी ही इनमें अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। शनिवार को भी जिले के सभी थानों में आयोजित समाधान दिवस में ऐसा ही नजारा दिखाई दिया। कुछ थानों में तो अफसर दिन भर फरियादियों का इंतजार करते रहे, लेकिन यहां एक भी फरियादी फरियाद लेकर नहीं पहुंचा।जिन थानों में समस्याएं आईं, वहां कुछ का ही मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि बाकी समस्याओं को हर बार की तरह जल्द से जल्द निस्तारण के निर्देशों के साथ संबंधित अधिकारियों को भेज दिया गया।थाना सहपऊ में नहीं पहुंचा एक भी फरियादी थाना सहपऊ में नायाब तहसीदार अशोक कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सुबह दस बजे ही अफसर फरियादियों की समस्याओं के समाधान के लिए थाने में बैठ गए। अफसर इंतजार करते रहे, लेकिन एक भी फरियादी नहीं पहुंचा। थाना दिवस में शिकायतों की संख्या शून्य रही।सदर कोतवाली में भी फरियादियों की संख्या रही शून्य अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार की अध्यक्षता में सदर कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में राजस्व कर्मियों की टीम भी मौजूद रही। अफसर यहां बैठकर दिन भर फरियादियों का इंतजार करते रहे, लेकिन एक भी फरियादी नहीं पहुंचा। नतीजा, अफसर मायूस होकर लौट गए।

## एटा जिले में पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार

एटा जिले में पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली देहात पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मारहरा तिराहे से आरोपी ज्ञानी उर्फ ज्ञान सिंह को गिरफ्तार किया। आरोपी अलीगढ़ जिले के कुन बाली गांव का रहने वाला है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ककेरा बाईपास पर वाहनों की जांच कर रही थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी मारहरा तिराहे पर मौजूद है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोच लिया।गरफ्तारी में थाना प्रभारी कोतवाली देहात अमित कुमार के नेतृत्व में उप निरीक्षक अश्वनी कुमार, कांस्टेबल हरविंद्र कुमार और कांस्टेबल मोहित कुमार की टीम शामिल रही। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कोतवाली देहात थाने में पहले से ही आरोपी के खिलाफ नाबालिग से दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज है।

## *अलीगंज थाना पुलिस ने मोहल्ला लुहारी दरवाजा में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए जुआ खेल रहे पांच लोगों को गिरफ्तार किया*

अलीगंज थाना पुलिस ने मोहल्ला लुहारी दरवाजा में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए जुआ खेल रहे पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने जुआरियों से 2530 रुपए नकद और 52 ताश पत्तों की गड्डी बरामद की है।गिरफ्तार किए गए आरोपियों में जीतू उर्फ जितेंद्र यादव (पुत्र रामरहीश), चंदन यादव और प्रदीप कुमार यादव (दोनों वीरेंद्र सिंह के पुत्र), संतोष कुमार यादव (पुत्र रामसरन) – सभी मोहल्ला लुहारी दरवाजा के निवासी, और राजू (पुत्र सहदेव) जो फर्रुखाबाद के लोहापानी का रहने वाला है, शामिल हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा 13 जी के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।इस सफल कार्रवाई में उप निरीक्षक शिवकुमार सिंह, राजीव पवार, अक्षय सिवाच के साथ कांस्टेबल पंकज और अवनीश कुमार की टीम शामिल रही। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

## कासगंजः ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत, ट्रैक पार करने के दौरान हुआ हादसा

कासगंज रु रविवार को मानपुर नगरिया बितरोई रेलवे स्टेशन के मध्य ट्रैक पार करते समय 50 वर्षीय अधेड़ ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे अधेड़ की कटकर दर्दनाक मौत हो गई। अधेड़ की शिनाख्त बदायूं जनपद के गांव बारी खेड़ा के रूप में हुई है। सा. `रों कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।सुबह बरेली से चलकर ट्रेन संख्या 55328 कासगंज आ रही थी। इसी बीच ट्रेन बितरोई और मानपुर नगरिया के मध्य एक अधेड़ ट्रैक पार कर रहा था। ट्रेन आ जाने से अधेड़ की कटकर दर्दनाक मौत हो गई। उसके शव को नगरिया स्टेशन पर लाया गया। जहां कटे अधेड़ व्यक्ति की शिनाख्त महीपाल कश्यप पुत्र नन्हे कश्यप निवासी बारी खेड़ा थाना उसहैत जनपद बदायूं के रूप में हुई है वह अपनी बहन नन्ही देवी पत्नी चंद्रपाल निवासी ग्राम नगरिया थाना सोरों के घर आया हुआ था। वह अपने घर वापस जाने के लिए पटरी पार कर रहा था, तभी ट्रेन की चपेट में आ गया। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। सोरों थाना प्रभारी जगदीश चंद्र ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## महाकुंभ नहा कर लौट रहे 2 श्रद्धालुओं की मौत

फतेहपुर में एक सड़क हादसे में महाकुंभ नहा कर लौट रहे 2 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। वहीं 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ, जब श्रद्धालु प्रयागराज से वापस अपने घर की ओर लौट रहे थे।घटना रविवार सुबह करीब 7रू30 बजे कानपुर–प्रयागराज हाईवे पर सदर कोतवाली क्षेत्र नऊवा बाग के पास की है। जब प्रयागराज की ओर से आ रही दिल्ली नंबर की थार रोड के किनारे खड़े एक ट्रक में पीछे से टकरा गई। कार में सवार 5 में से 2 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कासगंज के अमापुर निवासी 22 वर्षीय अमन गुप्ता, मैनपुरी के आवास विकास कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय राहुल यादव, 20 वर्षीय अनमोल गुप्ता, चिराग गुप्ता और 22 वर्षीय काव्य गुप्ता महाकुंभ नहाने के लिए दो दिन पूर्व प्रयागराज रवाना हुए थे। शनिवार तड़के सभी अपने घर के वापसी के लिए प्रयागराज से रवाना हुए थे।सुबह करीब 7रू30 बजे कानपुर–प्रयागराज हाइवे पर फतेहपुर के नऊवा बाग के समीप तेज रफ्तार थार, रोड साइड में खड़े एक ट्रक में पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार की अगली सीट पर बैठे कासगंज निवासी अमन गुप्ता (22) और मैनपुरी निवासी राहुल यादव (25) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पिछली सीट पर बैठे अनमोल, चिराग और काव्य गंभीर रूप से घायल हो गए।कासगंज के अमापुर निवासी 22 वर्षीय अमन गुप्ता, मैनपुरी के आवास विकास कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय राहुल यादव, 20 वर्षीय अनमोल गुप्ता, चिराग गुप्ता और 22 वर्षीय काव्य गुप्ता महाकुंभ नहाने के लिए दो दिन पूर्व प्रयागराज रवाना हुए थे। शनिवार तड़के सभी अपने घर के वापसी के लिए प्रयागराज से रवाना हुए थे।सुबह करीब 7रू30 बजे कानपुर–प्रयागराज हाइवे पर फतेहपुर के नऊवा बाग के समीप तेज रफ्तार थार, रोड साइड में खड़े एक ट्रक में पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार की अगली सीट पर बैठे कासगंज निवासी अमन गुप्ता (22) और मैनपुरी निवासी राहुल यादव (25) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पिछली सीट पर बैठे अनमोल, चिराग और काव्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

## एटा के रामलीला मैदान में आयोजित जिला कृषि एवं औद्योगिक प्रदर्शनी में जलशक्ति एवं सिंचाई मंत्री स्वतन्त्र देव सिंह ने किसान सम्मेलन को संबोधित किया

एटा के रामलीला मैदान में आयोजित जिला कृषि एवं औद्योगिक प्रदर्शनी में जलशक्ति एवं सिंचाई मंत्री स्वतन्त्र देव सिंह ने किसान सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियों का विस्तार से जिक्र किया।मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में बहुत विकास हुआ है। उन्होंने बताया कि सड़क नेटवर्क में सुधार से अब लखनऊ महज ढाई घंटे में पहुंचा जा सकता है। किसानों के लिए किसान सम्मान निधि, सोलर पैनल पर सब्सिडी और किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा में वृद्धि जैसी योजनाएं लागू की गई हैं।सरकार की उपलब्धियों में चार करोड़ गरीबों को आवास, बेहतर रेल, हवाई और सड़क कनेक्टिविटी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार श्सबका साथ, सबका विकासश के सिद्धांत पर काम कर रही है। धार्मिक आयोजनों की स्वतंत्रता और बिजली आपूर्ति में सुधार का भी उल्लेख किया।गंगा की सफाई पर बोलते हुए मंत्री ने कहा कि आज गंगा का पानी साफ हो गया है। उन्होंने इसका श्रेय जन जागरुकता को दिया। कहा कि लोग अब स्वयं गंगा में कचरा नहीं डालते। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तंज कसते हुए उन्होंने यमुना की स्थिति की तुलना गंगा से की और केजरीवाल पर झूठ बोलने का आरोप लगाया।

**जननायक सम्राट**
**हिंदी साप्ताहिक**
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक–अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा

**आवश्यकता है**
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें –
अमित कुमार वर्मा –संम्पादक
मौः–8218049162,8273402499

## यातायात पुलिस कासगंज द्वारा चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान, यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 02 वाहन सीज व 117 वाहन चालकों के किये गये चालान एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरुक

पुलिस अधीक्षक कासगंज सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगरध्यातायात सुश्री आंचल चौहान के नेतृत्व में यातायात प्रभारी कासंगज श्री लक्ष्मण सिंह द्वारा यातायात पुलिस टीम के साथ सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत यातायात नियमों का पालन किए जाने हेतु आमजन को जागरुक किया गया है । इसी क्रम में आज दिनांक 09–02–2025 को यातायात पुलिस कासगंज द्वारा थाना अमांपुर क्षेत्रान्तर्गत आमजन को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया । साथ ही कस्बा अमांपुर के कासगंज एवं सिढपुरा तिराहे पर अवैध अतिक्रमण को हटाया गया । चेकिंग अभियान के दौरान यातायात नियमों के उल्लंघन, मॉडिफाइड साइलेंसरध्ड्रिंक एण्ड ड्राइवध्ओवर स्पीडध्बिना पार्किंग स्थल पर गाड़ी पार्क करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 02 वाहन सीज व 117 वाहन चालकों के चालान किए गए है ।

## कासगंज जिले के थाना सोरों क्षेत्र में स्थित नगरिया स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पार करते समय एक 60 वर्षीय बुजुर्ग की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

कासगंज जिले के थाना सोरों क्षेत्र में स्थित नगरिया स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पार करते समय एक 60 वर्षीय बुजुर्ग की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान बदायूं जिले के थाना उसैत क्षेत्र के गांव बरीखेड़ा निवासी महीपाल के रूप में हुई है।घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली सोरों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे। परिवार के सदस्यों का रो–रोकर बुरा हाल है। यह हादसा उस समय हुआ जब महीपाल रेलवे ट्रैक को पार कर रहे थे। अचानक ट्रेन आ जाने से वह उसकी चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। स्थानीय प्रशासन मामले की जांच कर रहा है।

## जिलाधिकारी द्वारा मनरेगा कार्यों में भ्रष्टाचार व वित्तीय अनियमित. ताओं पर कड़ा अंकुश लगाने के लिये सख्त कार्यवाही जारी।

कासगंजः जिलाधिकारी मेधा रूपम द्वारा भ्रष्टाचार पर कड़ा अंकुश लगाने के लिये निरंतर प्रयास जारी हैं। मनरेगा के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में कराये गये कार्यों की गहनता से जांच कराई जा रही है। गड़बड़ियां और धांधली मिलने पर सम्बंधित अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है उपजिलाधिकारी कासगंज द्वारा कराई गई जांच में ग्राम इखौना में वीरपाल के खेत से उपेन्द्र के खेत तक चक मार्ग निर्माण कार्य पर बिना कार्य कराये प्रधान एवं सचिव की मिलीभगत से धनराशि श्रमिकों के खातों में भेज कर इस कार्य में कुल अपव्यय की गई धनरा. शि रू0 1,24,662 में से रू0 41,554 की वित्तीय अनियमितता हेतु सत्य प्रकाश ग्राम विकास अधिकारीध्ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत इखौना, विकास खण्ड कासगंज को सरकारी स्टेट बैंक खाते में 03 दिन के अंदर जमा करने के आदेश दिये गये थे। साथ ही अपर जिला कार्यक्रम समन्वयक मनरेगाध्मुख्य विकास अधिकारी कासगंज द्वारा सत्य प्रकाश ग्राम विकास अधिकारी के विरूद्व विभागीय कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश दिये गये हैं। उक्त जानकारी देते हुये जिला विकास अधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि प्रकरण में उल्लिखित तथ्यों के आधार पर सत्यप्रकाश ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत सचिव इखौना प्रथम दृष्टया मनरेगा के कार्यों में वित्तीय अनियमितता दोषी प्रतीत हो रहे हैं। इनके द्वारा अब तक निर्धारित वसूली धनराशि भी जमा नहीं की गई है। जिसके लिये उच्च अधिकारियों के आद. `शों की अवहेलना के भी दोषी पाये गये हैं। मनरेगा कार्यों में वित्तीय अनियमितता एवं उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना के आरोप में सत्य प्रकाश ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत इखौना को उ0प्र0 सरकारी सेवक नियमावली 1999 के अनुसार अनुशासनिक कार्यवाही करते हुये एतद् द्वारा तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। निलम्बन प्रकरण में खण्ड विकास अधिकारी सोरों को जांच अधिकारी नियुक्त कर दिया गया है। जो उक्त प्रकरण की 15 दिन के अंदर जांच कर आरोप पत्र तैयार कर उपलब्ध करायेंगे। निलम्बन अवधि में सत्यप्रकाश ग्राम विकास अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय सोरों से सम्बद्व रहेंगे।

## हत्या कर शव को लटकाने के मामले में अब नयागांव पुलिस करेगी जांच

एटा। थाना नयागांव की सराय अगहत में 21 अगस्त 2024 को एक युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटकता हुआ मिला था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसके बाद परिजन ने दोस्तों पर हत्या करने का आरोप लगाया था। मामले की रिपोर्ट जिला फतेहगढ़ के थाना मेरापुर में दर्ज कराई गई थी। अब उसकी जांच थाना नयागांव पुलिस करेगी।कस्बा सराय अगहत की दुर्गा कॉलोनी निवासी 18 वर्षीय परमजीत उर्फ नन्हे का शव घर के बाहर पेड़ पर लटकता हुआ मिला था। पिता विनोद कुमार निवासी देवसनी थाना मेरापुर ने बताया कि बेटा 21 अगस्त को प्लॉट पर काम करने के लिए निकला था। देर रात तक घर वापस नहीं लौटा तो काफी तलाश की। बृहस्पतिवार की सुबह सूचना मिली कि उसका शव पेड़ पर लटका हुआ है। विनोद कुमार ने कोर्ट के आदेश पर अशोक कुमार, सोनू, रोहित, शशि और कुलदीप निवासी सराय अगहत के खिलाफ मेरापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी। वहां से 8 फरवरी 2025 को केस थाना नयागांव पुलिस को सौंप दिया गया है। सीओ अलीगंज सुधांशु शेखर ने बताया कि स्थानांतरित मामले की गहनता के साथ जांच कराई जा रही है, जो भी तथ्य निकलकर सामने आएंगे, उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**पीड़ित ध्यान दें**
यदि आप भ्रष्टाचार, भेदभाव, अन्याय, शोषण और उत्पीड़न का शिकार हैं
यदि आपकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।
यदि आपके आसपास किसी भी प्रकार की कोई जन सामाजिक समस्या या कोई अपराध हो रहा है तो सम्पादक 'जननायक सम्राट' को पूरे विवरण के साथ पत्र लिखकर इसकी जानकारी दें या मिलें।
इसे 'जननायक सम्राट' को प्रकाशित कर राष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया जाएगा। पत्र भेजने वाले का पूरा नाम एवं पता देने आवश्यक है।इसे पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा।
मो. 8218049162
email: jannayaksamrataligarh@gmail.com
jnsnews24aligarh@gmail.com